महत्वपूर्ण एवं खास

स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन 14 को

रायपुर (आरएनएस)। जिला प्रशासन रायपुर व खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व आगामी 14 अगस्त को प्रातः 7.00 बजे स्वतंत्रता दौड का आयोजन किया गया है। यह दौड़ शहीद भगत सिंह चैक, शंकर नगर से प्रारंभ होकर खजाना चैक से वापस होते हुए पुनः शहीद भगत सिंह चैक शंकर नगर तक आयोजित होगी। स्वतंत्रता दौड में विद्यालय के छात्र-छात्राएं, एनएसएस, एनसीसी स्काउट के कैडेट खिलाड़ी एवं खेल संघो के पदाधिकारी शामिल होंगे। सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने सभी से आगामी 14 अगस्त को प्रातः 7.00 बजे शहीद भगत सिंह चैक शंकर नगर चैक में उपस्थित होकर स्वतंत्रता दौड़ में शामिल होने की अपील की है।

शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर युवक की पिटाई, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। शराब के लिए पैसा नहीं देने पर युवक के साथ मारपीट किए जाने के रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज की गई। मिली जानकारी के अनुसार अशोक नगर गुढ़ियारी निवासी यशवंत गोयल 34 वर्ष पिता नोहर गोयल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उरला देशी शराब दुकान के पास अजय सिसोदिया निवासी उरला रायपुर ने प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसा मांगा, नहीं देने पर हाथमुक्का से मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 327 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार, 12 पाव देशी शराब जब्त

रायपुर (आरएनएस)। अवैध रूप से शराब के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 12 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार सुरेश साहू 32 वर्ष पिता सुरतीराम साहू को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम सेमरिया विधानसभा रोड के पास 12 पाव अवैध रूप से देशी शराब पाए जाने पर गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34-1 के तहत अपराध दर्ज कर कानूनी कार्यवाही किया।

चार भाईयों की इकलौती बहन ने की आत्महत्या

जगदलपुर (आरएनएस)। तीन दिन बाद रक्षाबंधन का त्योहार है, जिसके लिए भाई-बहन तैयारियों में जुटे हुए हैं। वहीं कोड़ेनार थाने के मिटकुपारा में 4 भाइयों में इकलौती बहन ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। अब तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। बताया जाता है कि युवती सुबह काम से लौटने के बाद शाम को मक्के के खेत में गई और जहर खा लिया। पड़ोसियों ने देखा और परिजनों को सूचना दी, उसे किलेपाल स्थित स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां से युवती को मेकॉज कर दिया। जहां उसकी मौत हो गई।

करंट लगने से मजदूर की मौत

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। नगर के एक लॉज के सामने स्थित मकान की मरम्मत के दौरान हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। बचेली नया मार्केट इलाके में स्थित मंजू सोनी के घर में तीन मजदूर छत की रिपेयरिंग कर रहे थे। मकान के ऊपर से हाई वोल्टेज लाइन का जाल बिछा हुआ है। करीब साढ़े 4 बजे पुराना मार्केट निवासी वेल्डर 35 वर्षीय रामनाथ विश्कर्मा हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया और वही गिर पड़ा। घटना के बाद तुरंत पुलिस को खबर दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर वेल्डर को अपोलो अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मुआयना करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बता दें कि 2 महीना पहले भी उसी वार्ड में छत ढलाई के दौरान एक राजमिस्त्री उसी तार की चपेट में आकर अपनी जान गंवा चुका है। जहां से तार गुजर रहा है वह इलाका घनी आबादी वाला है। वहां स्थित ट्रांसफार्मर के आसपास बारिश के कारण करंट फैल चुका है।

मुख्यमंत्री ने सड़क हादसे में तीन कांवरियों की मृत्यु पर दुःख प्रकट किया

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार रात को धरसींवा-सिमगा मार्ग पर ग्राम देवरी के पास सड़क दुर्घटना में तीन कांवरियों की मृत्यु पर गहरा दुःख प्रकट किया है। उन्होंने दिवंगतों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के लिए पुलिस परेड ग्राउण्ड में फायनल रिहर्सल संपन्न

रायपुर (आरएनएस)। आजादी के पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के लिए आज यहां फुल डेऊस रिहर्सल आयोजित हुई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 15 अगस्त को सुबह 9 बजे यहां स्वतंत्रता दिवस के आयोजित मुख्य समारोह ध्वजारोहरण कर परेड की सलामी लेंगे। अपर मुख्य सचिव सी.के. खेतान और पुलिस महानिदेशक डी.एम.अवस्थी के नेतृत्व में स्वतत्रंता दिवस के निर्धारित

मिनट टू मिनट कार्यक्रम की फायनल रिहर्सल आयोजित हुई। इस अवसर पर पुलिस-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें। आईपीएस जितेन्द्र शुक्ल के नेतृत्व में सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, आंध्रप्रदेश विशेष पुलिस बल, नगर सेना, एन.सी.सी., एन.एस.एस. की महिला व पुरूष विंग के साथ स्काउट एवं गाइड के कुल 22 टुकड़ियों ने आकर्षक मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही अश्वरोही दल के हेरतंगेज प्रदर्शन और बैण्ड प्लाटून की मनमोहक राष्ट्रधुनों की प्रस्तुतियों को उपस्थित जनसमुदाय ने काफी सराहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति में दक्षिण क्षेत्र अंतर्गत बस्तर संभाग, मध्य क्षेत्र अंतर्गत रायपुर संभाग और उत्तर क्षेत्र अंतर्गत सरगुजा के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

नियमितीकरण एवं वेतन वृद्धि की मांग को लेकर छग सफाई कर्मचारी संघ ने दिया धरना

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ सफाई कर्मचारी संघ द्वारा नियमितीकरण एवं वेतन वृद्धि की मांग को लेकर पिछले 18 वर्षों में भाजपा एवं कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्रियों को अनेक बार ज्ञापन दिया गया। बावजूद इसके आज तक सफाई कर्मियों के वेतन में वृद्धि नहीं हुई है। सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में नियमितीकरण एवं वेतन वृद्धि की मांग को शामिल किया था किन्तु सत्ता में आने के बाद उक्त मांग को उपेक्षित किया जा रहा है। संघ के प्रांताध्यक्ष संतोष खांडेकर ने जानकारी देते हुए बताया कि मात्र 2000 रूपये के वेतन पर स्कूलों में प्रधान पाठकों द्वारा दो घंटे के नाम पर दिन भर डियूटी कराई जाती है। संघ की मांग है कि प्रति सफाईकर्मी का 10 हजार रूपये वेतन प्रति माह किया जाए। आज उक्त मांग को लेकर संघ के 50 हजार सदस्यों में सैंकड़ों सदस्यों ने बुढ़ापारा धरना स्थल में एक दिवसीय धरना देकर जंगी प्रदर्शन किया। खांडेकर ने बताया कि उक्त मांग 15 अगस्त तक पूर्ण नहीं हुई तो संघ के सदस्य उग्र कदम उठाने पर सरकार के खिलाफ मजबूर होंगे।

तेज रफ्तार सिटी बस ने साईकिल सवार को मारी टक्कर, मौत

रायपुर (आरएनएस)। तेज रफ्तार सिटी बस की टक्कर से साईकिल सवार व्यक्ति की अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में ही मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार भाठागांव निवासी रवि विश्वकर्मा 55 वर्ष साईकिल से देवेन्द्र नगर में काम करने के लिए जा रहा था। तभी अम्बेडकर अस्पताल के सामने तेज रफ्तार सिटी बस के चालक ने जोरदार पीछे से ठोकर मार दिया। जिसके चलते रवि विश्वकर्मा कई फीट हवा में उछलकर नीचे गिरा। जिसके चलते घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं सिटी बस चालक टक्कर मारने के बाद घटनास्थल से वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर सिटी बस चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर लिया है।

अपहरण कर दो नाबालिग छात्राओं से बलात्कार

» एक नाबालिग सहित चार आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज

अम्बिकापुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर जिले में में दो छात्राओं से गैंगरेप की खबर से सनसनी मच गयी है। घटना अंबिकापुर के सांडबार इलाके की है। लड़कियां 9 अगस्त से ही लापता थी। छात्राओं ने चाइल्ड वेलफेयर कमेटी को दर्ज कराये बयान में गैंगरेप हुआ है। छात्राओं ने आरोपियों के नाम भी बताए। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शहर के लक्ष्मीपुर निवासी 18 वर्षीय शुभम साहू पिता धनंजय साहू व एक अन्य नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया, जबकि 2 आरोपी फरार हैं। घटना 9 अगस्त से लापता दो छात्राओं को शहर सीमा से सटे सांडबार ईलाके से बदहवास हालत में बरामद किया गया। बच्चियों को पूछताछ के लिए सी डब्लू सी को सौंपा गया था। जहाँ बच्चियों ने बताया कि,उनके साथ सामुहिक अनाचार हुआ है। इन बच्चियों में एक की आयु तेरह वर्ष, जबकि दूसरे की उम्र 17 साल है। जब दोनों ने बताया कि नाबालिग आरोपी के ग्राम जगदीशपुर स्थित निर्माणाधीन मकान में वारदात को अंजाम दिया गया है। डर से दोनों घर नहीं आ रही थीं।

सी डब्लू सी को दिए बयान के अनुसार वारदात समीपस्थ ग्राम जगदीशपुर के निर्माणाधीन मकान में अंजाम दी गई। आरोपियों में एक नाबालिग़ समेत चार लोग शामिल हैं। पुलिस ने प्रकरण 363, 366, 354, 342, 376 (2) और पॉक्सो की धारा 6,7 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लक्ष्मीपुर निवासी शुभम साहू समेत नाबालिग़ को गिरफ़्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य की तलाश जारी है।

छात्रावास में लगी आग, दम घुटने से 65 छात्राएं हुई बेहोश

कोण्डागांव (आरएनएस)। जिला मुख्यालय में बीति रात बीके प्राथमिक कन्या छात्रावास में आग लगने से 65 छात्राएं बेहोश हो गई। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। छात्रावास जिला मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर दूर चिपावंड के उमरगांव में स्थित है। शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने के कारण धुआं भरने और डर से बच्चियां बेहोश होने लगी थीं। घटना रात करीब 8 बजे की है। घटना की सूचना मिलते ही कोंडागांव सहायक आयुक्त जीआर सोरी रात करीब 9 बजे छात्रावास पहुंचे। उक्त मामले में उन्होंने जांच के बाद आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही। बताया जा रहा है सोमवार शाम से ही हॉस्टल का कोई जिम्मेदार स्टाफ वहां मौजूद नहीं था। जिसकी वजह से हॉस्टल में आग

और बच्चियों की चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों ने सभी बच्चियों को वहां से निकाला और इलाज के लिए अस्पताल ले गए। चीख-पुकार सुन पहुंचे ग्रामीण जानकारी के मुताबिक, हॉस्टल के सामने ग्रामीणों का घर है, जहां के रहवासियों ने जब हॉस्टल से बच्चों की चीख-पुकार सुनी तो वे जल्दी से हॉस्टल पहुंचे। जब उन्होंने देखा कि सभी बच्चियां एक-एक कर बेहोश हो रही थीं। ग्रामीणों ने बच्चों को हॉस्टल के सामने एक घर में शिफ्ट किया। यहां जैसे-तैसे उन्हें शांत कराया। फिर छात्राओं को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

सप्ताह भर से लापता डॉक्टर शकुसल मिले इंदौर में, परिजनों ने ली राहत की सांस

बिलासपुर (आरएनएस)। जिले के पेंड्रा के सुल्तानिया परिवार में मंगलवार सुबह उस समय खुशी का माहौल छा गया जब पिछले 1 हफ्तों से गायब उनके घर का डॉक्टर बेटे ने फोन कर अपनी मां को इंदौर से रायपुर आने की खबर सुनाएं जिसके बाद आनन-फानन में डॉक्टर के भाई व कुछ अन्य परिजन उन्हें रिसीव करने रायपुर निकल गए हैं। पिछले 1 हफ्ते से गायब मूलतः पेंड्रा निवासी डॉक्टर प्रकाश चंद सुल्तानिया के इंदौर में से बरामदगी की खबर आ रही है मिली जानकारी के अनुसार डॉक्टर सुल्तानिया ने आज सुबह अपनी मां से फोन पर बात की और बताया कि वह फिलहाल इंदौर में है और कुछ देर बाद फ्लाइट से रायपुर एयरपोर्ट पहुंच जाएंगे जिसके बाद सुल्तानिया परिवार के चेहरे में काफी दिनों से गायब खुशी लौट आई डॉक्टर सुल्तानिया के फोन आने के बाद उनके भाई अपने कुछ परिजनों के साथ डॉक्टर को लेने रायपुर एयरपोर्ट रवाना हो गए हैं.

पिछले हफ्ते डॉक्टर प्रकाश चंद सुल्तानिया ने एक जमीन खरीदी को लेकर लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाकर एक सुसाइड नोट लिखा था जिसमें राजेश अग्रवाल,संगीता अग्रवाल, जमीन ब्रोकर और एक बर्खास्त आईआर का नाम लिखा है इस मामले के बाद पुलिस लगातार डॉक्टर की तलाश में जुटी हुई थी वही सुसाइड नोट में लिखें व्यक्तियों से पुलिस पूछताछ कर रही थी इसके बाद भी डॉक्टर सुल्तानिया का कहीं कोई कहीं कोई पता पुलिस को नहीं चल रहा था फिलहाल डॉक्टर को इंदौर से पुलिस की कस्टडी में रायपुर लाया जा रहा है जिसके बाद उनसे पूरे घटनाक्रम की पूछताछ करने के बाद जल्द ही उन्होंने ऐसा क्यों कदम उठाया था इसका खुलासा पुलिस करेगी।

विधायक अमितेश शुक्ल की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बचे

रायपुर (आरएनएस)। राजिम विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक अमितेष शुक्ल की गाड़ी आज दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसे में विधायक बाल-बाल बच गए। उन्हें सिर्फ मामूली चोटें आई है। हालांकि उनकी गाड़ी के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

अंतिम सावन सोमवार के दिन विधायक अमितेष शुक्ल राजिम के बाबा गरीबनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने गए थे। जलाभिषेक करने के पश्चात वे विधानसभा के ग्राम लचकेरा स्थित लचकेश्वरनाथ महादेव मंदिर जलाभिषेक कार्यक्रम में जा रहे थे। शाम करीब 6 बजे फिंगेश्वर महासमुंद प्रमुख मार्ग में सरार नाला के समीप विधायक का काफिला पहुंचा था इस दौरान सामने अचानक सड़क पर भैंस आ गई। पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी भैंस को बचाने के लिए वाहन को अचानक ब्रेक लगाकर रोक दिया, जिससे पीछे आ रही विधायक की गाड़ी उससे टकरा गई। चूंकि विधायक की गाड़ी इतनी तेज थी कि टकराने के बाद उनकी गाड़ी के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि हादसे में विधायक अमितेष शुक्ल को सिर्फ मामूली चोटें आई है जो राहत की बात है। दुर्घटना के बाद वाहन में सवार पीएसओ अनिल तिवारी व दिनेश पांडे ने तत्काल विधायक को गाड़ी से बाहर निकाला।

सुषमा स्वराज के श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने धरमलाल कौशिक दिल्ली रवाना

रायपुर (आरएनएस)। भाजपा विधायक दल के नेता धरमलाल कौशिक मंगलवार को सुबह की नियमित फ्लाईट से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। वे आज शाम को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित पूर्व विदेश मंत्री स्व. सुषमा स्वराज के श्रद्धांजलि सभा में शामिल होंगे। श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने के पश्चात कौशिक रात्रि दिल्ली में ही विश्राम करेंगे। दूसरे दिन 14 अगस्त को वे सुबह की फ्लाइट से वापस रायपुर लौटेंगे।

आदमियों से बेहतर और ताकतवर होती हैं महिलाएं: अक्षय

बॉलिवुड के सुपरस्टारअक्षय कुमार इस समय एक नए मिशन पर हैं। आने वाले 15 अगस्त को उनकी फिल्म मिशन मंगल रिलीज होने जा रही है। जब उनसे इस फिल्म के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया, स्पेस मिशन पर यह पहली फिल्म है। डायरेक्टर जगन शक्ति ने देश के अलग-अलग भागों के 5 साइंटिस्ट की कहानी के इर्द-गिर्द बुना है। मुझे जानकर ताज्जुब होता है कि भारत ने कैसे केवल 450 करोड़ रुपये में मंगल तक अपना मिशन भेज दिया जब कि मेरी और रजनीकांत की फिल्म 2.0 का बजट भी इससे ज्यादा था।

अक्षय ने कहा, हम लोग साइंस फिल्म नहीं बनाते हैं लेकिन यह एक स्पेस मिशन के बारे में थी। मुझे टॉपिक पसंद आया और फिर जगन ने इसकी कहानी आर बाल्की के साथ लिखनी शुरू की। बाद में इससे विद्या, सोनाक्षी और तापसी भी जुड़ गई और हमने केवल 32 दिनों में इसकी शूटिंग कर ली। फिल्म के जरिए विमन एम्पावरमेंट का मेसेज देने के बारे में खिलाड़ी कुमार ने कहा, फिल्म का स्पष्ट मेसेज है कि महिलाएं केवल पुरुषों के बराबर ही नहीं बल्कि बेहतर और ज्यादा ताकतवर होती हैं। जब मंगलयान भेजा गया था तो मेरी पत्नी ट्विंकल ने लिखा कि इसे मॉम (मार्स ऑर्बिटर मिशन) एक खास कारण से कहा गया।

एक दौर था जब आंखों में आंसू लेकर सोती थीः विद्या बालन

फिल्मों में अपनी बेहतरीन ऐक्टिंग के लिए पहचान रखने वाली बॉलिवुड ऐक्ट्रेस विद्या बालन की फिल्म मिशन मंगल रिलीज के लिए तैयार है। भले ही आज विद्या बालन को बॉलिवुड की सफल अभिनेत्रियों में गिना जाता है लेकिन एक दौर था जब उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में काफी स्ट्रगल किया था और विद्या को अभी भी अपने वे कठिन दिन याद हैं। अपने अब तक के सफर पर बात करते हुए विद्या ने कहा, मैं एक नॉन फिल्मी फैमिली से हूं और मुझे कोई आइडिया नहीं था कि ऐक्ट्रेस कैसे बनना है लेकिन फिर भी मैं बनना चाहती थी। इससे मेरी फैमिली चिंतित रहती थी, हालांकि उन्होंने हमेशा मुझे सपॉर्ट किया। उन्हें जरूर मेरे पहले टीवी शो ला बेला के कुछ ही महीनों में बंद होने के बाद यह संतोष जरूर हुआ होगा कि चलो अब इसका भूत उतर जाएगा।अपने रिजेक्शन के बताते हुए विद्या ने कहा, मैंने लगातार 3 सालों तक रिजेक्शन झेला है। इन दिनों में मैं आंखों में आंसू लेकर सोती थी लेकिन अगली सुबह फिर मुस्कुराते हुए यह उम्मीद करती थी कि कुछ अच्छा होगा, और तभी मुझे परिणीता मिल गई।

डार्क चॉकलेट खाएं, मूड होगा बेहतर और डिप्रेशन का खतरा कम

अगर आप डार्क चॉकलेट खाने के शौकीन हैं, तो आपके लिए एक खुशखबरी है। रिसर्च से पता चला है कि किसी भी किस्म की डार्क चॉकलेट आपका मूड पॉजिटिव और बेहतर बनाने में मदद कर सकती है। सबसे बड़ी बात यह कि डार्क चॉकलेट खाने से आपका डिप्रेशन लेवल भी कम हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ की मानें तो दुनियाभर में करीब 30 करोड़ लोग डिप्रेशन से प्रभावित हैं और यह विकलांगता के सबसे प्रमुख कारणों में से एक है।

डार्क चॉकलेट खाने से डिप्रेशन के लक्षण में 70 प्रतिशत की कमीयूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन डब्ल्यूएचओ के रिसर्च में डार्क चॉकलेट और डिप्रेशन से जुड़ी यह बात सामने आई। साथ ही यह रिसर्च डिप्रेशन ऐंड एंग्जाइटी नाम की पत्रिका में प्रकाशित भी हुआ है। इस रिसर्च में अलग-अलग तरह की चॉकलेट खाने वाले कुल 13 हजार 626 लोगों पर सर्वे किया गया था। सर्वे में पाया गया कि चॉकलेट न खाने वालों की तुलना में जिन लोगों ने 24 घंटे में किसी भी तरह की डार्क चॉकलेट खाई थी, उनके डिप्रेशन संबंधी लक्षणों में 70 प्रतिशत की कमी पाई गई। यही नहीं जिन लोगों ने डार्क चॉकलेट से अलग किसी दूसरे तरह की चॉकलेट खायी थी, उनके डिप्रेशन के लक्षणों में भी 25 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

डार्क चॉकलेट और डिप्रेशन के बीच कैसा संबंध

इस रिसर्च की लीड ऑथर डॉ सारा जैकसन कहती हैं, हमारी स्टडी के नतीजे कुछ सबूत तो पेश करते हैं कि चॉकलेट के सेवन से खासकर डार्क चॉकलेट खाने से डिप्रेशन के लक्षणों को कम किया जा सकता है। हालांकि इस बारे में और ज्यादा रिसर्च करने की जरूरत है यह जानने के लिए कि आखिर डार्क चॉकलेट और डिप्रेशन के बीच कैसा संबंध है।